सत्यमेव जयते

राजस्थान राज–पत्र साधारण	RAJASTHAN GAZETTE Ordinary
साधिकार प्रकाशित	**Published by Authority**

जिल्द 77 फाल्गुन 28, गुरुवार, शाके 1947– मार्च 19, 2026 अंक 51
Vol. 77 Phalguna 28, Thursday, Saka 1947–March 19, 2026 No. 51

भाग 7
विभिन्न विभागों में प्रदायों के लिए टेण्डर मांगने की सूचनाओं को सम्मिलित करते हुए सार्वजनिक और निजी विज्ञापन आदि।

शपथ–पत्र

मैं श्रीमती प्रियंका देवी पत्नी श्री वगताराम, उम्र ... साल, जाति माली, निवासी उम्मेदाबाद, तहसील व जिला जालौर आधार नं. 2672 7521 4335 राज. शपथपूर्वक बयान करती हूँ कि:–

1. यह है कि मेरे समस्त दस्तावेज जैसे राशन कार्ड, पहचान पत्र, आधार कार्ड, भामाशाह कार्ड वगैरा में मेरा नाम श्रीमती प्रियंका देवी (Priyanka Devi) दर्ज है। तथा मेरे पुत्र का नाम श्री चेतन कुमार के जन्म प्रमाण पत्र में मेरा नाम श्रीमती प्रियंका देवी दर्ज है।
2. यह है कि मेरे पुत्र चेतन कुमार (Chetan kumar) के कुछ शैक्षणिक दस्तावेजों व केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की 10 वीं व 12 वीं की अंक तालिका में माता का नाम श्रीमती पिंकी देवी (Pinki Devi) दर्ज है। जो कि गलती से दर्ज हो गया था। एवं मेरी अज्ञानता व भूलवश से गलत दर्ज हो गया था।
3. यह है कि मेरे स्वयं के दस्तावेजों में दर्ज नाम श्रीमती प्रिंयका देवी दर्ज है एवं मेरे पुत्र श्री चेतन कुमार के दस्तावेज शैक्षणिक दस्तावेजों में मेरा नाम यानी मेरे पुत्र के माताजी का नाम श्रीमती पिंकी देवी दर्ज हैं, जबकि दोनो नामों की मैं एक ही मात्र महिला हूँ। एवं मैं अलग अलग महिला नही हूँ।
4. यह है कि मेरे पुत्र के शैक्षणिक दस्तावेजों और 10 वीं व 12 वीं की अंकतालिकाओं में दर्ज माता का नाम श्रीमती पिंकी देवी (Pinki Devi) की बजाय श्रीमती प्रियंका देवी (Priyanka Devi) अंकित करवाने हेतु शपथ पत्र मैं राजस्थान गजट पत्र में प्रकाशित करवाने हेतु पेश कर रही हूँ।
5. यह है कि उपरोक्त मेरे पुत्र के दस्तावेजों में मेरा नाम परिवर्तन करवाने के संबंध में तमाम प्रकार की जिम्मेवारी मेरी स्वयं की रहेगी। तथा मेरे नाम परिवर्तन के संबंध में भविष्य में किसी भी प्रकार की उजर या आपत्ति होने पर मैं स्वयं जिम्मेवार रहूँगी।

सत्यापन : मैं श्रीमती प्रियंका देवी पत्नी श्री वगताराम जाति माली निवासी उम्मेदाबाद तहसील व जिला जालौर राज. यह सत्यापित करती हूँ कि उक्त शपथ पत्र की कुल ईबारत सही एवं सत्य है। मैंने कोई भी तथ्य छिपाया नहीं है। ईश्वर मेरी मदद करें।

प्रियंका देवी
शपथग्रहिता

SIGN/ATTESTED
KAILASH PURI
10-02-2026
NOTARY, SAYLA, DISTT. JALORE.
35136

राज्य केन्द्रीय मुद्रणालय, जयपुर।